प्रश्न 4 :- ब्राह्मण जीवन में सेवाओं के नम्बर कैसे जमा होते हैं ?

प्रश्न 5 :- ब्राह्मण जीवन में ब्लेसिंग की क्या निशानियां हैं ?

FILL IN THE BLANKS:-

(बापदादा, मनन, निरन्तर, ब्राह्मणों, पूजा, गुण, सहयोग, युद्ध, फरिश्तारूप, सेवा, बीजरूप, याद, निमित्त, समय, महान)

1 कई बच्चे समझते हैं - सेवा का जब चान्स मिलता है वा कोई साधन वा समय जब मिलता है तब ही सेवा करते हैं। लेकिन बापदादा जैसे ______ निरन्तर, सहज अनुभव कराते हैं, वैसे ______ भी ______ और सहज हो सकती है।

2 जैसे याद में भी भिन्न-भिन्न स्थिति का अनुभव करते हो - कभी ______ का, कभी ______ का, कभी ______ का, कभी रूह-रूहान का लेकिन स्थिति भिन्न-भिन्न होते भी याद की सब्जेक्ट में निरन्तर याद में गिनते हो।

3 जैसे वह सहयोगी बने हैं तो आपको उसका फल मिल रहा है, वैसे आप सभी भी हर कार्य में जैसा ______ उसी प्रमाण चलते रहेंगे तो आपके ______ का फल और ______ को भी मिलता रहेगा।

..❷ इसकी विधि है - लाइट हाउस, माइट हाउस बनना। लाइट हाउस एक ही स्थान पर स्थित होते दूर-दूर की सेवा करते हैं। ऐसे आप सभी एक स्थान पर होते अनेकों की सेवा अर्थ निमित्त बन सकते हो।

..❸ इतना शक्तियों का खज़ाना जमा है तो सहज कर सकते हो।

..❹ इसमें स्थूल साधन वा चान्स वा समय की प्राब्लम (समस्या) नहीं है। सिर्फ लाइट-माइट से सम्पन्न बनने की आवश्यकता है।

..❺ सदा मन-बुद्धि व्यर्थ सोचने से मुक्त होना चाहिए, 'मन्मनाभव' के मन्त्र का सहज स्वरूप होना चाहिए।

प्रश्न 4 :- ब्राह्मण जीवन में सेवाओं के नम्बर कैसे जमा होते हैं?

उत्तर 4 :- ब्राह्मण जीवन में सेवाओं के नम्बर निम्न प्रकार जमा होते हैं:

..❶ लेकिन अगर चार ही सेवाओं में से कोई भी सेवा में विधिपूर्वक बिजी रहते हो तो सेवा की सब्जेक्टस में मार्क्स जमा होती जाती हैं और यह मिले हुए नम्बर (अंक) फाइनल रिजल्ट में जमा हो जायेंगे।

..❷ जैसे वाणी द्वारा सेवा करने वालों के मार्क्स जमा होते हैं, वैसे यज्ञ-सेवा वा स्व की सेवा वा मन्सा सेवा - इनका भी इतना ही महत्त्व है,

इसके भी इतने नम्बर जमा होंगे। हर प्रकार की सेवा के नम्बर इतने ही हैं।

..❸ लेकिन जो चारों ही प्रकार की सेवा करते उसके उतने नम्बर जमा होते; जो एक वा दो प्रकार की सेवा करते, उसके नम्बर उस अनुसार जमा होते।

..❹ फिर भी, अगर चार प्रकार की नहीं कर सकते, दो प्रकार की कर सकते हैं तो भी निरन्तर सेवाधारी हैं। तो निरन्तर के कारण नम्बर बढ़ जाते हैं।

प्रश्न 5 :- ब्राह्मण जीवन में ब्लेसिंग की क्या निशानियां हैं?

उत्तर 5 :- ब्राह्मण जीवन में ब्लेसिंग की निम्नलिखित निशानियां हैं:

..❶ श्वांसों श्वांस याद और श्वांसों श्वांस सेवा हो - इसको कहते हैं बैलेन्स। तब ही हर समय ब्लैसिंग प्राप्त होने का अनुभव सदा करते रहेंगे और दिल से सदा स्वत: ही यह आवाज निकलेगा कि आशीर्वादों से पल रहे हैं, आशीर्वाद से, उड़ती कला के अनुभव से उड़ रहे हैं।

..❷ मेहनत से, युद्ध से छुट जायेंगे। 'क्या', 'क्यों', 'कैसे' - इन प्रश्नों से मुक्त हो सदा प्रसन्न रहेंगे।

..❸ सफलता सदा जन्म-सिद्ध अधिकार के रूप में अनुभव करते रहेंगे।

..❹ पता नहीं क्या होगा। सफलता होगी वा नहीं होगी, पता नहीं हम आगे चल सकेंगे वा नहीं चल सकेंगे - यह पता नहीं का संकल्प परिवर्तन हो 'मास्टर त्रिकालदर्शी स्थिति' का अनुभव करेंगे।

..❺ विजय हुई पड़ी है - यह निश्चय और नशा सदा अनुभव होगा। यही ब्लैसिंग की निशानियाँ हैं।

FILL IN THE BLANKS:-

(बापदादा, मनन, निरन्तर, ब्राह्मणों, पूजा, गुण, सहयोग, युद्ध, फरिश्तारूप, सेवा, बीजरूप, याद, निमित्त, समय, महान)

1 कई बच्चे समझते हैं - सेवा का जब चान्स मिलता है वा कोई साधन वा समय जब मिलता है तब ही सेवा करते हैं। लेकिन बापदादा जैसे ______ निरन्तर, सहज अनुभव कराते हैं, वैसे ______ भी ______ और सहज हो सकती है।

याद / सेवा / निरन्तर

2 जैसे याद में भी भिन्न-भिन्न स्थिति का अनुभव करते हो - कभी ______ का, कभी ______ का, कभी ______ का, कभी रूह-रूहान का लेकिन

